जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

क्र. जीविवि/परीक्षा/गोप./2018/1643 दिनांक :- 29.10.2018

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त संबंधित महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

समस्त विभागाध्यक्ष
विश्वविद्यालय अध्ययनशालाएं,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- परीक्षा संचालन शुल्क जमा करने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपको सूचित किया जाता कि संचालन शुल्क जमा करने के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा अपने वेबसाइट से अधिसूचना/सूचना/पत्र क्रमशः दिनांक 29.11.2017, 31.10.2017, 25.07.2018, 24.08.2018 एवं 13.09.2018 को जारी किया गया था। उक्त तीन सूचनाओं के जारी होने के बावजूद आपके द्वारा आज दिनांक तक संबंधित केन्द्र पर अपना संचालन शुल्क जमा नहीं कराया गया है जो कि विश्वविद्यालय के आदेशों की अवहेलना है।

आपको अंतिम बार सूचित किया जाता है कि आप विश्वविद्यालय के आदेशों को गंभीरता से लेते हुए दिनांक 10.11.2018 तक संचालन शुल्क जमा करावें अन्यथा आपके महाविद्यालय की सम्बद्धता समाप्त करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जावेगी जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका स्वयं का होगा।

परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में निर्देशों का तत्काल पालन कर परीक्षा कार्य में सहयोग प्रदान करें।

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. अधिष्ठाता, महाविद्यालयीन विकास परिषद्,(DCDC) जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहा. कुलसचिव (गोपनीय)